卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 117 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦1 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सात लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

## टीवी-मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहन होंगे सस्ते

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में मध्यमवर्गीय नागरिकों के लिए बड़ा एलान किया है। अब सात लाख रुपये तक की आय पर सरकार कोई टैक्स नहीं लेगी। अब तक पांच लाख रुपये से अधिक आय पर टैक्स देना पड़ता था। सरकार ने टैक्स स्लैब को भी बदल दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश का आम बजट पेश किया। अभी तक 5 लाख रुपये तक आमदनी पर कोई आयकर नहीं देना पड़ता था। लेकिन अब इस कैप को सरकार ने बढ़ाकर 7 लाख रुपये तक कर दिया है। नई कर व्यवस्था के तहत अब बेसिक एग्जेम्पशन लिमिट 3 लाख रुपये कर दी गई है। अब 6 टैक्स स्लैब की जगह अब 5 टैक्स स्लैब होंगे। न्यू टैक्स रीजीम में 15.5 लाख तक की इनकम पर 52500 रुपये स्टैंडर्ड डिडक्शन कर दिया गया है। 2022 के बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया था। न तो राहत दी गई थी और न ही बोझ बढ़ाया गया था। मौजूदा समय पांच लाख रुपये तक की शुद्ध कर योग्य आय वाले व्यक्ति को पुराने और साथ ही नई कर प्रणाली दोनों में धारा 87ए के तहत 12,500 रुपये तक की कर छूट का लाभ मिलता है। मतलब ऐसे लोग 87ए के तहत अलग-अलग निवेश दिखाकर आयकर से छूट हासिल कर लेते हैं। ऐसे में पांच लाख तक की



आय वालों को भी कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग को लेकर भी बड़ा ऐलान किया है। बजट 2023 के लागू होने के बाद देश में मोबाइल फोन्स सस्ते हो सकते हैं। सरकार ने मोबाइल फोन्स में इस्तेमाल होने वाले कुछ पाट्र्स पर कस्टम ड्यूटी को घटाने का ऐलान किया है। इसके अलावा, सरकार ने मोबाइल फोन को पावर देने वाली लिथियम आयन बैटरी पर भी कस्टम ड्यूटी घटाई है। वित्त मंत्री ने मोबाइल फोन्स और टीवी के कुछ पाट्र्स पर कस्टम ड्यूटी को घटाया है, जिससे देश में इन डिवाइसेस की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ सके. अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कैमरा लेंस पर कस्टम ड्यूटी को घटाकर 2.5 परसेंट किया गया है। वहीं लिथियम आयन बैटरी पर भी कस्टम ड्यूटी को कम किया गया है। इसके अलावा ओपन सेल स्म्क ज्ट पैनल पर कस्टम ड्यूटी को भी घटाकर 2.5 परसेंट कर दिया गया है. इसका मतलब है कि स्मार्टफोन्स और टीवी सस्ते होंगे। बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4-0 की शुरूआत की जाएगी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सीतारमण ने कहा कि 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। तीन वर्षों में 47 लाख (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को लाखों रुपए कीमत की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक संजीत राठौड़, कानि. दिलशाद अहमद, भूपेन्द्र ज्येष्ठा, अमनदीप सिंह, मुन्ना सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त दो नशा तस्करों रिजवान उर्फ मंत्री पुत्र वशरुद्दीन निवासी पप्पू का बगीचा वार्ड 31 तथा शहनवाज सिद्दीकी उर्फ डॉक्टर पुत्र समीउद्दीन निवासी बड़ी रोड इन्द्रानगर दुर्गा मन्दिर के पास वार्ड 30 को दबोच लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 55.83 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। उन्हें इन्द्रानगर छोटी रोड से कुछ दूरी पर काबुल गेट के पीछे से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि बरामद स्मैक शौर्या गाँव भोजीपुरा जिला बरेली निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाए हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त रिजवान उर्फ मंत्री एक शातिर किस्म का अपराधी है जो पूर्व में भी थाना बनभूलपुरा व कोतवाली हल्द्वानी से स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




## खेल खेल में पिस्टल से निकली गोली, युवक गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि काठगोदाम थाना के न्यू पनचक्की में स्थित एक रेस्टोरेंट में पिस्तौल से खेलना दोस्तों को भारी पड़ गया। खेल खेल में दोस्त के हाथ में पकड़ी पिस्तौल से गोली चल गई जो सामने बैठे दूसरे दोस्त के मुंह में घुस गई। फायर की आवाज सुनते ही वहां हड़कंप मच गया। आस पड़ोस के लोग भी वहां आ पहुंचे। इधर गोली लगते ही पिस्तौल लाने और गोली चलाने वाला दूसरा दोस्त मौके से फरार हो गए। जबकि बुरी तरह लहूलुहान घायल युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए एसटीएच ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी घटनास्थल पहुंचे और फिर चिकित्सालय जाकर घायल युवक से आवश्यक जानकारी ली। पुलिस फरार दोस्तों की तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि न्यू पनचक्की चौराहे पर मल्ला कोट चम्पावत निवासी विष्णु अधिकारी पुत्र देव सिंह की बेकरी शॉप है। जबकि पड़ोस में संजय सिंह बिष्ट का रेस्टोरेंट है। गत रात्रि बिशु अपने कर्मचारी दो सगे भाईयों मनोज और विक्रम सिंह के साथ था। जबकि संजय अपने दोस्त गोकुल, अर्जुन और दीपक बिष्ट के साथ रेस्टोरेंट के अंदर बैठा था। इनमें एक युवक अपने साथ एक पिस्टल (शेष पृष्ठ सात पर)



## युवती का मौत के मामले में रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत माह आदर्शनगर इंद्रा बंगाली कालोनी में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में मृतका की माता ने तीन लोगों के विरूद्ध रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में सविता विश्वास पत्नी स्व. अनन्त विश्वास निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वार्ड 35 ने कहा है कि 24 दिसम्बर 2022 की प्रात: जब प्रात: जब वह उठी तो उसने अपनी पुत्री मिनती विश्वास को कमरे में नहीं देखा। पुत्री ने दूसरे कमरे में पंखे से फांसी लगा ली थी। पुत्री का पोस्टमार्टम कर उसका अन्तिम (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कांग्रेसियों ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुतला फूंका

सितारगंज(उद संवाददाता)। प्रदेश की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की शहादत को हादसा बताने एवं राहुल गाँधी के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसजनों ने नगर के मुख्य चौक पर गणेश जोशी का पुतला दहन किया। बुधवार को कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी करते हुये कड़ा रोष व्यक्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री से मांग करते हुये गणेश जोशी को मंत्री पद से बर्खास्त करने के साथ माफी मांगने की मांग की। इस मौके पर प्रदर्शन करने वालो में कांग्रेस नगराध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी, पूर्व नगराध्यक्ष हरपाल सिंह, करन जंग, हसनैन मलिक, यूसुफ मलिक, राम नगीना प्रसाद, अख्तयार अहमद पटौदी, मुख्तयार अंसारी, (शेष पृष्ठ सात पर)



## साक्ष्य के अभाव में मोटरसाइकिल चोरी के तीन अभियुक्त दोषमुक्त

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुवीर कुमार ने सुनवाई के दौरान साक्ष्य के अभाव में चोरी के तीन अभियुक्तों को दोष मुक्त कर दिया। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2016 की 21 मार्च को गश्त के दौरान पुलिस टीम ने दढियाल रोड से हरजीत सिंह फूल सिंह व तेजा सिंह को गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की, पूछताछ करने के बाद इन लोगों ने चोरी की पांच अन्य मोटरसाइकिल नेहा गैस एजेंसी के पास निर्माणाधीन कॉलोनी से झाड़ियों के पीछे से बरामद कराई। चोरी की रिपोर्ट मोहम्मद यामीन द्वारा थाने में दर्ज कराई गई थी ।जांच अधिकारी श्यामलाल विश्वकर्मा ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विद्वान न्यायाधीश सुवीर कुमार ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राम कुन्वर चौहान एवं भास्कर त्यागी को सुना। अभियोजन पक्ष का कथानक था कि अभियुक्त गण से चोरी की गई भारी मात्रा में मोटरसाइकिल बरामद हुई।और यह मोटरसाइकिल चोरी कर इन्हें बेचकर व्यापार करते हैं यह(शेष पृष्ठ सात पर)

## गायों से भरा ट्रक पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यूपी बार्डर के पास पुलिस ने एक सूचना के बाद गायों से भरा ट्रक पकड़ लिया। इसमें दस दुधारू गायें भरी थी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेने के साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लिया है। गायों को गौशाला



भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं कीसूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम ने यूपी बार्डर के पास एक ट्रक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसमें दस गायें बरामद हुयी। ट्रक में सवार तीन लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## धूमधाम से मना पूर्व मंत्री बेहड़ का जन्म दिन

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ का 66 वाँ जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस और उपहार भेंट विधायक तिलक राज बेहड़ की सुखी जीवन की कामना की। सर्व प्रथम विधायक तिलक राज बेहड़ कार्यालय तक जमकर ढोल नगाड़ों के साथ रोड़ शो भी किया। यहां कार्यालय में पहुंच कर विधायक तिलक राज बेहड़



अवसर पर 66पौंड का एक काट गया।वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने विधायक तिलक राज बेहड़ को आशीर्वाद दिया वही तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुके महाराणा प्रताप चौक स्थित मंदिर पहुंचे तथा मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेका। इसके बाद तमाम कांग्रेस जनों ने नगर के मुख मार्ग होते हुए विधायक ने 66पौंड का केक काटकर जन्म दिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पार्टी कार्य कर्ताओं एवं जनता को संबोधित करते (शेष पृष्ठ सात पर)

## 73.32 लाख की सड़कों का किया लोकार्पण

किच्छा।विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने जन्म दिवस पर विधायक निधि से 73.32 लाख की लागत से निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा की विधायक निधि से कार्य प्रारंभ हो चुके है ।प्राथिमकता के आधार पर कार्य कराए जा रहे है काफी समय से जनता सड़कों के निर्माण की मांग कर रही थी,जर्जर (शेष पृष्ठ 7 पर)

# विकासपरक सोच के कारण ही जनता ने चुना विधायक: बेहड़

किच्छा (उद संवाददाता)। पिछले कई वर्षों से विकासपरक सोच के कारण ही किच्छा की जागरूक जनता ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को नकार कर उन्हें विधायक चुना है। कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने एक बयान जारी कर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें विगत दिन राजेश शुक्ला ने पत्रकारों को दिए अपने बयान के माध्यम से उन पर यह आरोप लगाया कि लेफ्ट पहा नहर व सड़क निर्माण जैसे विकास कार्यों का विरोध कर रहा हूं। श्री बेहड़ ने कहा कि वह राजेश शुक्ला से पूछना चाहते हैं कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और राजेश शुक्ला हारे हुए विधायक हैं। उनकी सरकार में पूर्ण पकड़ होने के कारण अधिकारी विकास कार्य रोकने के लिए मेरा निर्देश क्यों मानेंगे। जबकि पूर्व विधायक का कहना है कि इन योजनाओं से मुख्यमंत्री द्वारा विकास कार्य को बढ़ावा दिया गया है। श्री बेहड़ ने कहा वह राजेश शुक्ला से पूछना चाहते हैं कि अगर उन्होंने क्षेत्र में विकास की राजनीति की



होती तो जनता ने उन्हें 2022 के चुनावों में नाकारा ना होता। विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा विकास की राजनीति की है। उनके अस्वस्थ होने पर उनका बेटा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य को अंजाम दे रहा है। करोड़ों रुपए की विकास योजनाएं संचालित हैं। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर रूप से हो रहे हैं तथा लंबित योजनाओं को शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला हार के बाद परेशान क्यों है? वह पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के माध्यम से भाजपा नेतृत्व पर दबाव बनाकर कभी यूपी से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी तो कभी उत्तराखंड में नई राजनीतिक जमीन तलाशने में लगे हुए हैं। श्री बेहड़ ने कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही उनकी है पूर्व हारे हुए विधायक को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा में अपनी जमीन की खिसकती देख चारों और हताश होकर हाथ पैर मार रहे हैं तथा उन पर आरोप लगा कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। श्री बेहड़ ने कहा उनके जन्मदिन के मौके पर पूर्व विधायक द्वारा बयानबाजी करना भारतीय संस्कृति के भी खिलाफ है।

# होम्योपैथिक विभाग के खिलाफ कार्यवाही को लेकर हवाई साबित हुए तत्कालीन डीजी हेल्थ के दावे

## राजस्व को प्रतिमाह लाखों का चूना लगाया जा रहा

( मनोज श्रीवास्तव )

काशीपुर। प्रदेश की भाजपा सरकार जहां एक और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए नित नए प्रयास में जुटी है वहीं शिकायतों पर कार्यवाही को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। जून 2022 में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर शैलजा भट्ट राजकीय चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान होम्योपैथिक विभाग से रोगियों को एक प्राइवेट पैथोलॉजी में लगातार भेजे जाने की शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्यवाही किए जाने की बात की थी लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी डीजी हेल्थ द्वारा होम्योपैथी विभाग में कार्यरत एक फार्मासिस्ट के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। जबकि उन्होंने कहा था कि वह इस मामले पर सख्त एक्शन लेंगी। अस्पताल के होम्योपैथी विभाग में एक फार्मासिस्ट पिछले कई वर्षों से पदस्थ बताया जा रहा है। इस फार्मासिस्ट की वजह से सरकार के राजस्व को प्रतिमाह लाखों का चूना लग रहा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि हॉस्पिटल के पिछले हिस्से में पीएम हाउस की ओर जाने वाले मार्ग पर उक्त फार्मासिस्ट के हिस्सेदारी में होम्योपैथी की एक दुकान व पैथोलॉजी लैब खोला गया है। इस लैब से जुड़े दलाल अस्पताल के पिछले हिस्से से अंदर प्रवेश कर बाकायदा रोगियों तथा उनके तीमारदारों को चिकित्सकों की शह पर महंगी जांचों के लिए आज भी डंके की चोट पर पीछे के रास्ते उक्त लैब तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इसी तरह औचक निरीक्षण के दौरान शिकायतों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा किए गए और अन्य तमाम दावे भी हवाई साबित हुए। स्वास्थ्य महानिदेशक का कार्य भार ग्रहण किए हुए डॉ विनीता शाह को लगभग एक माह से भी अधिक का समय बीत गया है। इस तरह के गैर कानूनी कार्य नवनियुक्त डीजी हेल्थ के लिए एक बड़ी चुनौती है। समाज सेवा से जुड़े कुछ संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। उनका मानना है कि राजकीय चिकित्सालय तक पहुंचने वाले अधिकांश लोग गरीब अथवा मध्यमवर्गीय होते हैं ऐसी परिस्थिति में उनका महंगी जांचों के नाम पर आर्थिक दोहन किया जाना बेहद शर्मनाक है। प्रतिनिधिमंडल जल्द ही सीएम से मिलकर इस मामले में कार्यवाही की मांग करेंगे।

# तकनीकी संस्थाओं की रिपोर्ट के इंतजार में लटका पुनर्निर्माण कार्य

देहरादून(उद संवाददाता)। जोशीमठ में भू-धंसाव के 29 दिन बाद भी सरकार पुनर्वास और पुनर्निर्माण पर कोई फैसला नहीं ले पाई है। जब तक सरकार को तकनीकी संस्थाओं की रिपोर्ट नहीं मिल जाती है, उसके हाथ बंधे हैं। ऐसे में जोशीमठ के भविष्य को लेकर तस्वीर कब तक साफ हो पाएगी, शासन का कोई अधिकारी कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। सरकार ने एक दिन पहले पुनर्वास और विस्थापन के लिए तीन विकल्प तो प्रस्तुत कर दिए, लेकिन मुआवजा राशि और पुनर्वास की जमीन तय नहीं हो पाने के कारण इस पर भी वह आगे नहीं बढ़ सकती है। 25 जनवरी को आठ वैज्ञानिक संस्थाओं ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) को सौंप दी थी। विश्लेषण के बाद अब जब तक यह रिपोर्ट उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के पास नहीं आ जाती है, सरकार जोशीमठ के किसी भी मुद्दे पर आगे बढ़ने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में जोशीमठ में पुनर्वास और विस्थापन ही नहीं तमाम दूसरे काम भी रुक गए हैं। हेलंग बाईपास का निर्माण, कितने भवन हटाए जाएंगे, कितनों की रेट्रोफिटिंग की जाएगी, सीवरेज, ड्रेनेज, नालों का निर्माण, टो इरोजन की रोकथाम के काम भी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे बढ़ पाएंगे। इसके अलावा जोशीमठ के पुनर्निर्माण पर भी सरकार रिपोर्ट मिलने के बाद ही कोई फैसला ले पाएगी। वर्तमान में बदरीनाथ धाम को जोड़ने वाला एकमात्र राजमार्ग है, जो जोशीमठ से होकर गुजरता है। यद्यपि, आलवेदर चारधाम सड़क परियोजना के तहत जोशीमठ के नीचे से हेलंग-मारवाड़ी बाईपास का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन जोशीमठ में आई आपदा के दृष्टिगत इसका निर्माण अस्थायी तौर पर रोका गया है। इस बाईपास का भी आइआइटी रुड़की से भूगर्भीय सर्वेक्षण कराया जा रहा है। भूमि के उपयुक्त पाए जाने पर भी इसके निर्माण में ढाई साल का समय लगना तय है। ऐसे में इस यात्राकाल में उसका उपयोग किसी भी दशा में नहीं हो पाएगा। इस परिदृश्य के बीच जोशीमठ से होकर बदरीनाथ जाना ही एकमात्र विकल्प है। जोशीमठ को लेकर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सोमवार को हुई बैठक में भी चारधाम यात्रा और जोशीमठ की स्थिति के मद्देनजर बदरीनाथ यात्रा को लेकर विशेष तौर पर विमर्श हुआ। कहा गया कि वर्तमान परिस्थितियों में बदरीनाथ यात्रा के लिए जोशीमठ से गुजरने वाला राजमार्ग ही बदरीनाथ पहुंचने का एकमात्र विकल्प है।

# बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। पुलिस ने जिलेभर में बेरोजगारों को सरकारी नौकरी के नाम पर ठगने वाले फर्जी गिरोह और भर्ती सेंटर का पर्दाफाश किया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि लक्सर क्षेत्र में फर्जी सेंटर का संचालन किया जा रहा था। फर्जी भर्ती सेंटर गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जिला जज कोर्ट, आयकर और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करते थे। जिसके एवज में बेरोजगारों से पांच से लेकर आठ लाख रुपए तक वसूलते थे। आरोपी जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों की फर्जी मेल आईडी तैयार कर अभ्यर्थियों को ईमेल से नियुक्ति पत्र भेजते थे। बाद में उन्हें वैकेंसी कैंसिल होने की बात कहकर टरका देते थे। जिलेभर में आठ ठगी के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अन्य कई लोगों के नाम भी सामने आए हैं। जिनकी तलाश में टीमें लगा दी गई हैं। बता दें कि पूर्व में भी लक्सर से कांग्रेस नेत्री सहित कई आरोपी फर्जी भर्ती सेंटर चलाने के मामले में जेल गए थे।

# वामपंथी संगठनों के लोग स्थानीय लोगों को बरगलाने जोशीमठ आ रहे है : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जोशीमठ में विरोध करने के लिए वामपंथी संगठनों के लोग दिल्ली, मुंबई और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से जोशीमठ आए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों को बरगलाकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्रभावित करने का आरोप भी लगाया। कहा कि चीन संघर्ष के दौरान वामपंथी लोगों के राष्ट्रविरोधी कारनामे आज भी मौजूद हैं। भट्ट ने कहा कि एक और दुश्मन देश चीन भारत के आखिरी गांव तक अपने ढांचागत विकास को मजबूत कर रहा है। उसने आसपास पॉवर स्टेशन, सड़कें तथा सामरिक तैयारियां की हैं। वहीं वामपंथी ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जो राष्ट्र विरोधी ही माना जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक वीडियो संदेश में यह सफाई भी दी कि उन्होंने किसी स्थानीय निवासी को आंदोलन से रोकने की बात नहीं कही। वह स्थानीय लोगों को वामपंथी विचारधारा वाले संगठनों से सचेत करना चाहते हैं। कहा कि ऐसे संगठनों की रुचि राहत और पीड़ितों के पुनर्वास में कम और अपना एजेंडा साधने में अधिक है। यह ताकतें नहीं चाहती कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास के काम हों और हमारी सामरिक ताकत मजबूत हो।लिहाजा देवभूमि की राष्ट्रवादी जनता इनके छलावे में नहीं आने वाली है। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि यह ऐसी पहली सरकार है जो विस्थापन के सर्वश्रेष्ठ विकल्पों के अमल में प्रभावित पक्षों से सुझाव ले रही है। उन्होंने धामी सरकार का आपदा प्रभावितों को पुनर्वास की दृष्टि से तीन विकल्प देने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए स्थानीय लोगों के व्यवसाय व रोजगार को बचाने के लिए पर्यटन गतिविधियों, वर्तमान शीतकालीन एवं आगामी चारधाम यात्रा को इस संकट से बचाते हुए सुचारु रखना प्राथमिकता में है। केंद्रीय विशेषज्ञ एजेंसियां रिपोर्ट तैयार कर रही हैं। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

# राहुल गांधी भाजपा सरकार का एकमात्र विकल्प: धीरेंद्र प्रताप

देहरादून (उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी की सफल भारत जोड़ो यात्रा के समापन का श्रेय राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लिए जाने का मखौल उड़ाते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने मुख्यमंत्री के इस बयान को खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाला बताया है।धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि राहुल गांधी ने जब से कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी तभी से भाजपा के नेता इसका मखौल उड़ाने में लगे थे परंतु राहुल गांधी ने जिस बहादुरी और विश्वास के साथ इस यात्रा को पूरा किया है वह उनकी इच्छा शक्ति और देश की एकता और अखंडता के प्रति उनका समर्पण दर्शाता है। उन्होंने कहा लाल चौक पर झंडा फहरा कर एक बार फिर से राहुल गांधी ने सिद्ध कर दिया है कि वह उस बहादुर नेहरू और गांधी परिवार की बहादुर संतान है जिसके दो- दो प्रधानमंत्रियों ने देश के लिए शहादत दी और जिनके बाप दादा ने देश की आजादी के लिए लंबी जेल यात्राएं सही और आजादी के बाद देश के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राहुल गांधी की जम्मू कश्मीर में यात्रा के समापन पर धारा 370 का हवाला दिए जाने को छोटा मुंह बड़ी बात की संज्ञा दी और कहा कि जब भी कांग्रेस आएगी, कांग्रेस एक बार फिर से जम्मू और कश्मीर को एक संगठित प्रदेश बनाकर वहां के लोगों की जन आकांक्षाओं के विपरीत लिए गए केंद्र के फैसले को बदलने का काम करेगी। उन्होंने कहा राहुल गांधी को जम्मू कश्मीर के लोगों ने हाथों-हाथ लिया है और राज्य के दो शक्तिशाली नेता उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती इस यात्रा में उनका स्वागत करते दिखाई दिए ।यही नहीं हजारों कश्मीरियों ने भी उनका स्वागत किया। प्रताप ने कहा आगामी विधानसभा के चुनाव राहुल गांधी की देश में बढ़ती लोकप्रियता और जनता में स्वीकार्यता कोशिश करेंगे। जिसकी शुरुआत हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव से हो चुकी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार का राहुल गांधी को एकमात्र विकल्प बताया।

# नगर पालिका परिषद गदरपुर ( उधम सिंहनगर )

पत्रॉक 727/ ठेका नीलामी ( 2023-24) 2022-23 दिनांक 31/01/2023

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर को अपनी सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 01/04/2023 से 31/03/2024 के लिये निम्न ठेकों की नीलामी दिनांक 13/02/2023 को अपराहन 02.00 बजे से पालिका प्रांगण में सम्पन्न की जानी है। बोली छूटने के बाद ठेकेदार को बोली की समस्त धनराशि शरायतनामा के अनुसार जमा करानी होगी । इच्छुक प्रत्येक बोली दाता निर्धारित जमानत धनराशि जमा कर बोली लगा सकते है। ठेकों के बकायेदारों को बोली लगाने का अधिकार नहीं होगा इच्छुक बोली दाताओं को नीलामी से पूर्व राशन कार्ड प्रति, जी0एस0टी0प्रमाण पत्र, आधार कार्ड,स्थायी प्रमाण पत्र जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान में निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र की प्रति दो फोटो एवं 100 रूपये का स्टाम्प अनुबन्ध हेतु जमा करना होगा नीलामी की शर्ते कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | ठेके का नाम | निर्धारित जमानत धनराशि ( रूपये में ) | ठेका अवधि | धनराशि जमा कराने का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका दैनिक तहबाजारी | 1,00,000 | 01.04.2023 से 31.03.2024 तक | ठेके की स्वीकृति धनराशि का 1/2 भाग तीस दिन के अन्दर अन्दर तथा शेष धनराशि 31 दिसम्बर 2023 तक जी0एस0टी0सहित जमा करानी होगी। |
| 2 | ठेका साप्ताहिक बुद्ध बाजार (हाट बाजार) | 1,00,000 | 01.04.2023 से 31.03.2024 तक | ठेके की स्वीकृति धनराशि का 1/2 भाग तीस दिन के अन्दर अन्दर तथा शेष धनराशि 31 दिसम्बर 2023 तक जी0एस0टी0सहित जमा करानी होगी। |
| 3 | ठेका विज्ञापन शुल्क | 5 0,000 | 01.04.2023 से 31.03.2024 तक | ठेके की स्वीकृति धनराशि का 1/2 भाग तीस दिन के अन्दर अन्दर तथा शेष धनराशि 31 दिसम्बर 2023 तक जी0एस0टी0सहित जमा करानी होगी। |
| 4 | ठेका ऑटो रिक्शा( टुकटुक) | 20,000 | 01.04.2023 से 31.03.2024 तक | सम्पूर्ण धनराशि 28 फरवरी 2023 तक जी0एस0टी0सहित जमा करानी होगी। |
| 5 | ठेका तालाब वार्ड नं0 09 मछली पालन हेतु | 20,000 | 01.04.2023 से 31.03.2024 तक | सम्पूर्ण धनराशि 28 फरवरी 2023 तक जी0एस0टी0सहित जमा करानी होगी। |

( जगदीश चन्द )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गदरपुर

( गुलाम गौस )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गदरपुर

# हिमाचल कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में सीबीआई ने देहरादून और हरिद्वार में मारा छापा

देहरादून। हिमाचल कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले के तार भी उत्तराखंड से जुड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वहां पकड़े गए जालसाजों के उत्तराखंड के कुछ शहरों में संबंध हैं। इन्हीं की तलाश में सीबीआई चंडीगढ़ की टीम ने देहरादून और हरिद्वार में छापे मारे। स्थानीय सीबीआई ब्रांच की टीम को लेकर मंगलवार को कुछ लोगों से पूछताछ की गई। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी की बात सामने नहीं आई। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में 1334 कांस्टेबलों की भर्ती के लिए 27 मार्च को ऑनलाइन परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा का परिणाम पांच अप्रैल को आया था। इसके बाद धांधली की बात सामने आई। छह मई को कांगड़ा में इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसआईटी ने कई माह की जांच के दौरान 227 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें बहुत से अभ्यर्थी भी शामिल थे। पता चला कि इस परीक्षा के लिए पेपर लीक कराया गया था, लेकिन स्थानीय लोग इस जांच से नाखुश थे। हिमाचल में सरकार बदली तो जांच सीबीआई को सौंप दी गई। इस मामले में सीबीआई ने चंडीगढ़ ब्रांच में नवंबर में दो एफआईआर दर्ज कीं। सूत्रों के अनुसार इस भर्ती धांधली में सामने आए कुछ लोगों के लिंक उत्तराखंड के कई शहरों में बताए जा रहे हैं। यहां पर बीते वर्ष कई भर्तियों की धांधली पकड़ी गई है। लिहाजा, सीबीआई इसे पुख्ता मानकर चल रही है। सीबीआई की टीम मंगलवार को देहरादून और हरिद्वार पहुंची। यहां स्थानीय सीबीआई की टीम को साथ लेकर कई जगह छापे मारे। भर्ती धांधली में लोगों से पूछताछ के लिए चंडीगढ़ और देहरादून के 12 अफसर टीम में शामिल रहे। एक टीम ने हरिद्वार और दो टीमों ने देहरादून में दो जगहों पर तीन लोगों से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि इनके पास से सीबीआई को कोई साक्ष्य बरामद नहीं हुए हैं। ऐसे में दिनभर चली कार्रवाई के बाद टीम शाम पांच बजे चंडीगढ़ लौट गई।

# उत्तराखंड की किशोरी के लिए टीएमयू के डॉक्टर्स बने फरिश्ते

## दुर्लभ ऑपरेशन 5 घंटे तक चला, जन्म से फैली पित्ते की नली को छोटी आंत के साथ जोड़ा



मुरादाबाद(उद ब्यूरो)।उत्तराखंड की किशोरी के लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सर्जरी विभाग के डॉक्टर्स की टीम किसी फरिश्तों से कम नहीं है। चिकित्सकों की इस टीम ने की किशोरी के पित्ते की नली और अग्नाशय का दुर्लभ ऑपरेशन किया है। मेडिकल में इसे कॉलीडोकल सिस्ट जन्मजात एवम् पेनक्रियाटाइटिस कहते हैं। इन कारणों से पेशेंट को जॉन्डिस भी था। यह एक दुर्लभ बीमारी है। यह ऑपरेशन 5 घंटे तक चला, जिसमें जन्म से फैली पित्ते की नली को काटकर छोटी आंत के साथ जोड़ दिया गया। पेशेंट अब स्वस्थ है। किशोरी अब खाना भी खा रही है। इस दुर्लभ ऑपरेशन में सर्जरी विभाग के एचओडी प्रो. एनके सिंह के संग- संग जीआई सर्जन प्रो. सीके झकमोला और प्रो. आरके कौल आदि शामिल रहे हैं । प्रो. एनके सिंह 2015 से टीएमयू में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रो. सिंह को 24 साल का लंबा अनुभव है। वह अब तक 15,000 से अधिक सर्जरी कर चुके हैं। टीएमयू में सर्जरी की टीम दूरबीन और चीरे के ऑपरेशन में पारंगत हैं। एडवांस लैप्रोस्कोपी सर्जरी और एडवांस जीआई सर्जरी में भी टीएमयू के डॉक्टर्स एक्सपर्ट हैं। इससे पहले भी प्रो. सिंह इस प्रकार के रेअर ऑपरेशन को अंजाम दे चुके हैं, जिसमें पेशेंट के अग्नाशय के चारों ओर फुटबॉल के आकार की थैली बन गई थी। पेशेंट को पीलिया और भूख न लगने की समस्या बनी रहती थी। उल्लेखनीय है, प्रो. सीके झकमोला एंडवांस गेस्टो सर्जरी के विशेषज्ञ हैं। किशोरी की सर्जरी को सफल बनाने में उनकी भूमिका काफी अहम रही है। काशीपुर की रहने वाली 13 वर्ष की किशोरी निकुंज को छह माह से पीलिया और अग्नाशय में सूजन की शिकायत थी। अग्नाशय में सूजन के कारण पेशेंट प्रोपर तरीके से खा पी नहीं रही थी। इसके अलावा बुखार से भी छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। बार-बार सूजन के अटैक के कारण निकुंज बहुत ही कमजोर ही गई थी। घरवालों ने बहुत से डॉक्टरों से इलाज कराया, लेकिन कहीं से कोई लाभ नहीं मिला। परिवार वाले पेशेंट को दिल्ली के जीबी पन्त हॉस्पिटल भी लेकर गए, लेकिन वहां पर भी निराशा मिली। दिल में उम्मीद की आखिरी किरण लेकर परिजन निकुंज को तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में पहुंचे। टीएमयू में जब सर्जरी विभाग के एचओडी प्रो. एनके सिंह ने पेशेंट की जांच करने पर पता चला कि पेशेंट में जन्मजात पित्ते की नली के फेल जाने से थैली बन गई थी। पीलिया के कारण पेशेंट में खून की मात्रा अति अल्प थी। अत: पहले पेशेंट को खून की दिया गया और इलाज के जरिए उसे स्थिर किया गया। इसके बाद मरीज का ऑपरेशन किया गया।







# कोतवाल ने चौकी प्रभारियों और वीट कर्मियों के कसे पेंच



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाल विक्रम राठौर ने कोतवाली में चौकी प्रभारियों और वीट कर्मियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कोतवाल विक्रम राठौर ने सरकार और डीजीपी के दिशा निर्देश का पालन कराने के संबंध में अवगत कराया। पुलिस के गौरा देवी एप के मामले में अधिक से अधिक महिलाओं को अवगत कराते हुए फेसबुक पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि दहेज प्रथा से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता की तहरीर पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान एसएसआइ कमाल हसन, एसएसआइ द्वितीय केसी आर्य, चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा,एसआई महेश कांडपाल, एसआई अशोक कुमार फर्त्याल, एसआई अशोक कुमार,एसआई एसआई जय प्रकाश,एसआई एसआई विपुल जोशी, एसआई मोहन चंद जोशी, महिला एसआई नेहा, राजीव शाही, प्रमोद रावत, अमित जोशी, कैलाश टम्टा, आंनद कुमार,हरीश सनवाल, ममता आर्य, पूजा आदि मौजूद।







# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा शुद्ध बैंक मित्र केंद्र का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा लाइन नंबर 16 में शुद्ध बैंक मित्र बीसी सावेज कुरेशी के केंद्र का शुभारंभ बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक एफआई सुधीर तिवारी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीण बैंक के माध्यम से प्रदान की जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं व बैंक सुविधाओं की जानकारी



लोगों के बीच आकर दी। उद्घघाटन के अवसर पर शाखा प्रबंधक सुधांशु सहित इला, भुवन भट्ट भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, जियाउद्दीन कुरेशी, कमरुद्दीन कुरेशी, मोहम्मद तालिब, सावेज कुरेशी, शाइन खान, सलीम अहमद, आबिद सलमानी, लाल मोहम्मद अंसारी सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# एनयूजे आई बागेश्वर के दोबारा अध्यक्ष बने गोविंद मेहता


बागेश्वर(उद संवाददाता)। नेशनल यूनियन ऑफ जनर्लिस्टस-इंडिया उत्तराखंड के कुमायूँ मण्डल अध्यक्ष दिनेश जोशी ने एनयूजे आई के प्रदेश अध्यक्ष संजय तलवार की सहमति से बागेश्वर में वरिष्ठ पत्रकार गोविंद मेहता को बागेश्वर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। गोविंद मेहता लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष बने



हैं। उनके अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ पत्रकार गणेश उपाध्याय,रमेश पांडे बृजवासी, सुरेश पांडे, अशोक लोहुमी, चंद्रशेखर बड़सीला, देवेंद्र पांडे,आनंद बिष्ट, योगेश नगरकोटी,महेश जोशी, जगदीश उपाध्याय,परसीलाल वर्मा, अखिल आजाद जोशी,अनिल पांडे,सुस्मिता नगरकोटी,तनुज तिरूवा, शेर सिंह ऐठानी,पूरन सिंह दोसाद,भाष्कर तिवारी,मनोज कुमार, दिनेश नेगी,बसंत चंदोला,ललित प्रसाद,हिमांशु जोशी, रोहिणी जोशी, विजय कुमार,मनोज टँगड़िया,नबल किशोर भट्ट,महेश पाठक, विजय कार्की,सजंय जोशी,रमेश गोस्वामी, आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष मेहता ने कहा कि उन्हें प्रदेश नेतृत्व ने दूसरी बार जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी कि बैठक बुलाई जाएगी और उर्जावान सदस्यों को जिम्मेदारी दी जाएगी।सभी पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताया।उन्होंने सभी पत्रकारों से पत्रकार हितों के लिए संगठित होकर कार्य करने में सहयोग की अपील की।

# फार्मेसी का भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह ने किया उदघाट्न

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद में नेटमेड्स फॉर्मेसी कीदुकान खुल गई है।फार्मेसी की दुकान का भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और चमोली भाजपा जिले के प्रभारी एड.कुन्दन सिंह परिहार द्वारा उदघाट्न किया गया।उदघाट्न करते हुए मुख्य अतिथि फर्स्वाण और



परिहार ने कहा कि दुकान में मरीजों को सभी प्रकार की दवाइयां सस्ते दरों पर मिले इसके लिए दुकान में आने वाले ग्राहकों को सस्ती दवाइया उपलब्ध होनी चाहिए।वही नेटमेड्स फॉर्मेसी के प्रबंधक ने बताया कि ग्राहकों को छूट पर दवाईयों का लाभ मिलेगा, उध्द्घाटन समारोह के मौके पर कुमाऊँ रिजनल हेड फार्मासिस्ट हेमन्त कुमार से अन्यक्ट फॉर्मेसी इंचार्ज श्लोक जोशी व अन्य फामोसिस्ट स्टाफ मौजूद रहे।

# सरकारी फार्म मटकोटा में चुघ व गुप्ता का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरकारी फार्म मटकोटा कालोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ तथा भाजपा उत्तरी मण्डल के नव नियुक्त अध्यक्ष धीरेश गुप्ता का माल्यार्पण कर तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। श्री चुघ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के सभी लोगों के कल्याण के लिए लाभकारी योजनाएं बनाकर इसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मटकोट फार्म की मूलभूत समस्याओं का भी समाधान करने के लिए वह सदैव कार्य करते रहे हैं। श्री चुघ ने बताया कि नव नियुक्त उत्तरी मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता सभी बूथों में जाकर समस्त कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने से साथ ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के दिशा निर्देशन में कार्यकारिणी का गठन करेंगे।सरकार



हर प्रभावित परिवार के साथ सहयोग कर रही है। मण्डल अध्यक्ष श्री गुप्ता ने अपने मनोनयन पर पार्टी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसका वह निष्ठा से निर्वहन कर संगठन को मजबूत बनायेंगे। उन्होंने कहा पार्टी की नीतियों व सरकार के कार्यों के साथ कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाएंगे। स्वागत करने वालों में अमित गौड़, महेश ठाकुर, धरमजीत चौधरी, अखिलेश गुप्ता, विकास, उमाशंकर गुप्ता, विपिन कनोजिया, दीवान, राकेश, अभिषेक, उमेश, अविनाश, कुलवंत सिंह जीना, राजकुमार चौहान, कुलदीप चौहान, रामलाल, विक्की, संदीप चौहान, शम्भु चौहान, राम अवतार चौहान, नानक, जगदम्बा कौशिक, सीमा दैवी, अजीत यादव, पवन गुप्ता, मुन्नी देवी, पाला, फूलकली, सुशील दूबे, प्रभावती, महेश ठाकुर, सुमन शाह, कमलेश गुप्ता, अनीता गिरि, रुकमणी देवी, पूरन पाण्डे, ममता जीना, सरिता दैबी, अखिलेश कुमार, रामपाल, बबीता, प्रदीप चौहान, अभय, अनुज नैगी, गौरव, राजनारायण, नंदूलाल यादव व जितेन्द्र यादव आदि शामिल थे।

# सेवानिवृत रोडवेज कर्मी प्रभाकर को दी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर डिपो के चालक रामकुमार प्रभाकर सेवानिवृत होने पर गत दिवस कार्यशाला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत समारोह में डिपो के प्रभारी महेंद्र कुमार, वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी ब्रमानंद, दीवान लाल और अन्य कर्मचारी नरेंद्र कुमार पलड़िया, रूप सिंह, विनीत



पाठक, प्रमोद पांडे, जगदीश अधिकारी, ललित पांडे, योगेश और डिपो के समस्त कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्री प्रभाकर को भावभीनी तथा यादगार विदाई दी। विदित रहे कि श्री प्रभाकर उत्तराखंड परिवहन निगम मजदूर संघ कुमाऊँ क्षेत्र के क्षेत्र अध्यक्ष भी हैं। श्री प्रभाकर को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# आ जाओ घाटे वाले, तेरा लाल है पुकारे

## श्री बालाजी का भव्य दरबार एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में श्री बालाजीमहाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को चोला श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे काआयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे काप्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी कीआरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागतकिया गया । उसके पश्चात महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके




पश्चातमहन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में सचिनमुरली ने श्री राम जय राम जय जय, शिव कुमार ने आया मैं आया बजरंग बाला आया, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, हरीश ठुकराल ने लागो प्यारा प्यारा श्री बालाजी का द्वारा, पंडित दिनेश पाठक ने मुझे दर्श दिखा दो बजरंग बली, गोविंद ग्रोवर ने मेराबाबा मेरे साथ है, नरेश बाठला ने सू स्वागतम बाबा शरणागतम बाबा, जय प्रकाश गर्ग ने बजरंग बाला फेरु तेरी माला, शुभम् शर्मा नेलहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना तोड़ो बालाजी, श्याम कालडा ने मंदिर अब बनने लगा है, हरिचरण सिंह ने आ जाओ घाटे वाले तेरा लाल है पुकारे, साहिल कुमार ने वीर हनुमान अति बलवाना, नितिन रस्तोगी ने चोला चमकेबाबा का चोला चमके, विशाल मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बन जाए बिगड़े काम भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसकेपश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा कीआरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारतीय जानता पार्टी गुंजनसुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, कपिल कुमार, कुनाल रस्तोगी, बलदेव डाबर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, अमितआनंद, शिव कुमार, अमन श्रीवास्तव, रोहन भटनागर, अमित अग्रवाल, जयप्रकाश गर्ग, विकास नारंग, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टु अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, केवल पाठक, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, गोविंद ग्रोवर, सुभाष गोयल, केसर पाहवा, डी. के. करगेती, हर्षित ग्रोवर, शैलेश मित्तल, हृदयांश मित्तल, मेघराज, माधव अग्रवाल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# 'गणतंत्र नमन' कार्यक्रम संपन्न

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में प्रसारण मंत्रालय के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त राज्यपाल द्वारा सभी बैंड के जवानों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के प्रदर्शन भी किया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजकों, बैंड के जवानों, सभी कलाकारों एवं महिला बैंड की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी बैंड ने बहुत ही




आयोजित 'गणतंत्र नमन' के विशेष कार्यक्रम 'बीटिंग दी रिट्रीट' में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के दौरान आईएमए, आईटीबीपी, पुलिस व स्काउट्स के बैंड ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। रिट्रीट के पश्चात सूचना एवं अवसर पर 6 दिनों तक चले 'गणतंत्र नमन' कार्यक्रम में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर फोटो प्रदर्शनी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना 'आत्मनिर्भर भारत' के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विभिन्न स्टालों का मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।इस अवसर पर कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक विजय कुमार एवं सहायक निदेशक डॉ. संतोष आशीष उपस्थित रहे।

# आरएएन स्कूल में आशीर्वाद समारोह की धूम

## मेयर ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए.एन. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा दसवीं व बारहवीं के बच्चों को आर्शीवाद देते हुए सर्मपण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। बच्चों को अपना आर्शीवाद देते हुए मुख्य अतिथि मेयर रामपाल ने कहा कि हमें सदैव सच और ईमानदारी के रास्ते पर चलकर ही सफलता प्राप्त अपनाकर देश तथा समाज का कल्याण करने के लिए आग्रह किया। उपस्थित सभी गणमान्य सज्जनों एवं शिक्षक गण ने अपने आशीष वचन देते हुए बच्चों की





मुख्य अतिथि शहर के मेयर रामपाल रहें। विद्यालय संस्थापक विंग कमाण्डर एच.के.राय, श्रीमती मधु राय, प्रबंधक श्रीमान मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट एवं करनी चाहिए क्योंकि वही स्थायी सफलता होती है, इसके साथ ही उन्होने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रबंधक ने भी बच्चों से सदैव अच्छाई एवं भाईचारे की भावना को सफलता की मंगल कामना की। अंत में प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का अपना कीमती समय देने के लिए साधुवाद व्यक्त किया। इस प्रकार हर्षोल्लास भरे वातावरण में आर्शीवाद समारोह सपंन्न हुआ।

# बनभूलपुरा क्षेत्र में बिना स्वीकृति के बनाये जा रहे आठ भवन किये सील

## नगर निगम व जिला विकास प्राधिकरण ने की बड़ी कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर के बनभूलपुरा में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम और विकास प्राधिकरण की ताबडतोड़ कार्रवाई से साथ ही तीन भवन स्वामियों को नोटिस दिया गया है। वहीं मलिक के बगीचे में आबिद रजा के अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ दिया। ज्ञात हो कि एक दिन पहले



हड़कंप मचा हुआ है। इस इलाके में नगर निगम और प्राधिकरण ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बिना नक्शा पास कराए लाइन नंबर 11, 12 और 17 में आठ बड़े निर्माणाधीन भवनों को सील कर दिया। सोमवार को आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने निरीक्षण के दौरान बनभूलपूरा में दो अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश दिये थे। आयुक्त ने नगर निगम और प्राधिकरण को भी फटकार लगाई थी। आयुक्त के कड़े निर्देशों के बाद निगम और प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को बनभूलपूरा में संयुक्त कार्रवाई की। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय की अगुवाई में टीम ने बनभूलपुरा में अवैध तरीके से बनाये जा रहे आठ भवनों को सील कर दिया और तीन को नोटिय थमाया गया। वही मलिक के बगीचे में अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। प्राधिकरण के सचिव एवं नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने कहा कि अब अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ न सिर्फ नोटिस बल्कि तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। यदि सील करने के बाद भी कोई चोरी से निर्माण करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज होगा।

# पचास वर्ग मीटर तक के व्यवसायिक भवनों से वसूला जायेगा पार्किंग शुल्क


रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 15वी बोर्ड बैठक मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत की में पार्किंग व्यवस्था न होने पर सर्किल रेट का 10 प्रतिशत, मिनिमम 50 हजार रूपये शुल्क का निर्धारण किया गया, जिसका उपयोग शहर में पार्किंग सुविधाओं के विस्तार हेतु किया जायेगा। मैसर्स टैकमेट विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण



अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बोर्ड बैठक में 12 प्रस्ताव रखे गये जिसमें से 10 प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गई, जबकि 2 प्रस्ताव अस्वीकार किये गये। बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया कि 50 वर्ग मीटर तक के छोटे व्यवसायिक भवन इण्डिया प्राइ.लिमिटेड के कार्मिकों द्वारा रूद्रपुर एवं काशीपुर महायोजना-2041 के ड्राफ्ट का प्रस्तुतीकरण बोर्ड के समक्ष किया गया। जिसमें बोर्ड सदस्यों ने शिक्षा, चिकित्सा, ट्रान्सपोर्टेशन, पार्किंग, ट्रैफिक, पोल्यूशन कन्ट्रोल, सीवर लाइन, वाटर सप्लाई, फायर सर्विस आदि सहित हरीश काण्डपाल, सचिव जिला विकास प्राधिकरण एनएस नबियाल, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, अभय प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता विजय कुमार माथुर, मुख्य नगर नियोजक शशि मोहन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



समस्त भुसरी परिवार
की ओर से शेर ए तराई
पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा
के लोकप्रिय विधायक
**श्री तिलकराज बेहड़ जी**
के जन्म दिन की

# हार्दिक बधाई





**विनोद भुसरी**
9837291914



**अनिल भुसरी**
9837029950



**ऋषि भुसरी**
9837791914



**मुनि भुसरी**
9105113000

**मै. अन्नपूर्णा इण्डस्ट्रीज, मै. ऋषि मुनि इंटरप्राईजेज, गदरपुर**

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### अर्थव्यवस्था के हालात

पिछले कुछ सालों में अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चमकते आंकड़ों के बावजूद जमीनी हालात चुनौतीपूर्ण रहे। खासकर कोरोना के दौरान लगाई गई पूर्णबंदी ने समूची दुनिया के साथ-साथ भारत में भी आर्थिक स्थिति को किस कदर नुकसान पहुंचाया, यह जगजाहिर तथ्य है। लेकिन इस मुश्किल से निपटने के क्रम में भारत ने जिस इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया, उसका हासिल यह रहा कि बीते कुछ समय से अर्थव्यवस्था अब संभलने लगी है। बजट से पहले मंगलवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में वित्तमंत्री ने जो ब्योरा पेश किया, उससे यह उम्मीद जगी है कि आने वाले वक्त में ऐतिहासिक झटकों से उबर कर देश की आर्थिक नाव एक बार फिर रफ्तार पकड़ सकती है। किसी भी देश की आर्थिक स्थिति पर गौर करने के लिए अर्थव्यवस्था की विकास दर को एक मुख्य संकेतक के रूप में देखा जाता है। इस लिहाज से देखें तो आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर 2023-24 में करीब साढ़े छह फीसद रहने का अनुमान है। हालांकि इस मामले में बीते एक साल के आंकड़े को देखते हुए साढ़े छह फीसद विकास दर का अनुमान निश्चित रूप से अपेक्षित गति से कम है, मगर इसके बावजूद उम्मीद जताई गई है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसके अलावा, महंगाई की रफ्तार और उस पर काबू पाना एक सबसे बड़ी चुनौती बनी रही। इस समस्या की तीव्रता कायम रहने की एक बड़ी वजह रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध भी रहा। लेकिन पिछले कुछ हफ्ते से खुदरा मुद्रास्फीति की दर में गिरावट और भारतीय रिजर्व बैंक की लक्ष्य सीमा के भीतर वापस आने के साथ महंगाई के मोर्चे पर काफी हद तक राहत देखी गई। इसके समांतर घरेलू अर्थव्यवस्था में खासी मजबूती की वजह से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में एक बार फिर वापसी की उम्मीद जताई गई है। समीक्षा के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर महंगाई का स्तर उच्च बने रहने से चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है, इसलिए इस पर नजर रखने की जरूरत बनी रहेगी। फिर भी शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में जिस तरह कमी हो रही है, उसमें नए रोजगारों के सृजन की तस्वीर में भी तेजी से सुधार हुआ है। गौरतलब है कि एक ओर बेरोजगारी और दूसरी ओर महंगाई के संयोग ने न सिर्फ आम लोगों की जिंदगी को बेहद मुश्किल बना दिया, बल्कि इसने देश की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद नकारात्मक असर डाला था। पिछले कई महीनों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की गिरती कीमत ने काफी चिंता पैदा की है। इस आर्थिक समीक्षा में भी कहा गया है कि दुनिया की अधिकांश मुद्राओं की तुलना में रुपए का प्रदर्शन बेहतर रहने के बावजूद अमेरिकी डालर के मुकाबले भारतीय मुद्रा के मूल्य में गिरावट की चुनौती बनी हुई है। दरअसल, महामारी के बाद पूर्णबंदी की वजह से सब कुछ ठप होने की स्थिति ने अर्थव्यवस्था पर जैसी चोट की थी, उसमें पिछले पूरे साल को उससे उबरने की कोशिशों के तौर पर देखा जा सकता है। मगर अब आर्थिक सर्वेक्षण में जो तस्वीर उभर कर सामने आई है, उसके मुताबिक कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब महामारी-पूर्व के विकास पथ पर अग्रसर है और सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार पर सुधार कर रही है। समीक्षा में आए कई अन्य संकेतकों से भी अर्थव्यवस्था के फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उतरने की उम्मीद बंधी है। अब देखना है कि आर्थिक सर्वेक्षण के आलोक में अगले वित्तवर्ष के बजट की दिशा क्या रहेगी।

# मानसखंड की झांकी में शामिल हुए छोलिया कलाकारों को किया सम्मानित

## केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सौपा प्रथम पुरस्कार

नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर हुई परेड में उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को प्रथम स्थान के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य एवं पर्यटन मंत्री अजय भट्ट ने यह पुरस्कार प्रदान किया। राज्य की ओर से सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक केएस चौहान भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की झांकी को देश में पहला स्थान मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि देश, विदेश के लोग मानसखंड के साथ ही उत्तराखंड की लोक संस्कृति से भी परिचित होंगे। मुख्यमंत्री ने झांकी को पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रदेशवासियों, सूचना विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, झांकी बनाने वालों एवं इसमें शामिल सभी कलाकारों को बधाई दी। सूचना महानिदेशक ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन के बाद मानसखंड पर आधारित झांकी प्रस्तावित की गई



थी। श्री केदारनाथ एवं श्री बदरीनाथ की तर्ज पर कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना पर काम किया जा रहा है। इससे इन प्रमुख मंदिरों का विकास होना है। मुख्यमंत्री धामी के विजन के अनुसार पहले चरण में करीब दो दर्जन से अधिक मंदिरों को इसमें शामिल किया गया है। इनमें जागेश्वर महादेव, चितई गोलज्यू मंदिर, सूर्यदेव मंदिर, नंदादेवी मंदिर कसारदेवी मंदिर, झांकर सैम मंदिर पाताल भुवनेश्वर, हाटकालिका मंदिर, मोस्टमाणु मंदिर, बेरीनाग मंदिर, मलेनाथ मंदिर, थालकेदार मंदिर, बागनाथ महादेव, बैजनाथ मंदिर, कोट भ्रामरी मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर गुफा, गोल्ज्यू मंदिर, निकट गोरलचौड मैदान, पूर्णागिरी मंदिर, वारही देवी मंदिर देवीधुरा, रीठा मीठा साहिब, नैनादेवी मंदिर, गर्जियादेवी मंदिर, कैंचीधाम, चौती (बाल सुंदरी) मंदिर, अटरिया देवी मंदिर व नानकमत्ता साहिब प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। कर्तव्य पथ पर उत्तराखंड राज्य की ओर से मानसखंड की झांकी में 18 कलाकारों के दल ने अपनी प्रस्तुति दी। झांकी का थीम सांग 'जय हो कुमाऊं, जय हो गढ़वाला' को पिथौरागढ़ के प्रसिद्ध जनकवि जनार्दन उप्रेती ने लिखा था। सौरभ मैठाणी और साथियों ने इसे सुर दिया था। इस थीम गीत के निर्माता पहाड़ी दगड़िया, देहरादून थे।

# डबल लॉक में रहेंगे पेपर और क्वैश्चन बैंक

## आयोग ने बनाई सुरक्षा की नई व्यवस्था, सिर्फ पेपर बनाते समय विशेषज्ञों को मिलेगा इंटरनेट

देहरादून(उद संवाददाता)। पटवारी भर्ती के प्रश्न पत्र लीक होने के बाद उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अब एक फरवरी से सभी पेपर और क्वैश्चन बैंक को डबल लॉक में सुरक्षित करने जा रहा है। आयोग में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को गोपन, अतिगोपन में किसी भी तरह की ई-डिवाइस ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, 31 जनवरी को आयोग के गोपनीय अनुभागों सिक्योरिटी ऑडिट होगा, जिसमें सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं प्रोग्रामर, आईटी सेल भी शामिल होंगे। इसके बाद एक फरवरी से आयोग कार्यालय में नई व्यवस्थाएं लागू होने जा रही हैं। आयोग तय किया है कि अधिकारियों और कर्मचारियों को आयोग के प्रवेश द्वार पर ही क्लॉक रूम की सुविधा दी जाएगी, जिसमें उनके लिए लॉकर होंगे। गोपनीय, अतिगोपनीय अनुभागों में केवल अधिकृत कर्मचारी ही प्रवेश कर सकेंगे। उन्हें द्विस्तरीय सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। इसके लिए उनकी फ्रीस्किंग, फिजिकल स्कैनिंग, बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन होगा। सभी गोपन व अतिगोपन अनुभागों को एक ही स्थान पर लाया जा रहा है। यहीं पेपर बनाने, उत्तर पुस्तिकाओं और ओएमआर के भंडारण, मूल्यांकन, ओएमआर स्कैनिंग का काम कराया जाएगा। आयोग ने तय किया है कि गोपनीय, अति गोपनीय अनुभागों में विषय विशेषज्ञों को ही केवल इंटरनेट की सुविधा दी जाएगी। उन्हें ई-लाइब्रेरी व वांछित पुस्तकें भी यहीं उपलब्ध कराई जाएंगी। उनके जाने के बाद इन अनुभागों का इंटरनेट बंद कर दिया जाएगा। आयोग ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के साथ ही आने-जाने वालों पर नजर रखने को और ज्यादा सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया है। यह भी देखा जाएगा कि द्विस्तरीय सुरक्षा चक्र का कितना अनुपालन किया जा रहा है। हर सप्ताह इसकी समीक्षा की जाएगी। गोपनीय अनुभागों की सीसीटीवी मॉनिटरिंग परीक्षा नियंत्रक व अन्य अनुभागों की मॉनिटरिंग आयोग के सचिव करेंगे। प्रवेश द्वार पर रखी विजिटर बुक और फोन कॉल विवरण का भी समय-समय पर निरीक्षण होगा।

# रम्पुरा व पुलभट्टा में कच्ची शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवद्दातम)। जनपद पुलिस ने रम्पुरा तथा पुलभट्टा में गश्त के दौरान तीन शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर रम्पुरा चौकी पुलिस ने दो शराब तस्करों अंग्रेज सिंह पुत्र सोना सिंह निवासी




बिंदु खेड़ा गुरुद्वारे के पास तथा बॉबी सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी बिंदु खेड़ा गुरुद्वारे के पास को 105 पाउच लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब ले जाते स्कूटी नंबर यूके 06 एटी 1240 के साथ गिरफ्तार किया। वहीं पुलभट्टा क्षेत्र में 40 लीटर कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष पुलभट्टा और उनकी टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए चौकिंग के दौरान शंकर फार्म कट से गोला नदी को जाने वाले कच्चे रास्ते पर मंगत सिंह पुत्र स्व. दयाल सिंह निवासी नई बस्ती शहदौरा को पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए उक्त तीनों शराब तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि विकास रावत साथी पुलिस कर्मी कांस्टेबल ललित काण्डपाल के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौराने मुखबिर से सूचना मिलने पर वह सिडकुल ढाल रोड पर पहुंचे जहां एक धर्मकांटे के पास सड़क किनारे मोटर साइकिल के पास संदिग्ध रूप से खड़ा युवक दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों को देख वह अपने पास रखे गैलन को उठाकर भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पता शमशाद अंसारी पुत्र जमील अंसारी निवासी नई वस्ती फुलसुंगा वार्ड 1 ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके हाथ में पकड़ी गैलन में कुल 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद शराब कब्जे में लेकर शमशाद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# स्वामी दयानंद आश्रम में अनुष्ठान में शामिल हुए अनुष्का और विराट

ऋषिकेश।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी पत्नी बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों उत्तराखंड में धार्मिक यात्रा पर हैं। वे यात्रा के दूसरे दिन ऋषिकेश के स्वामी दयानंद आश्रम में आयोजित अनुष्ठान में शामिल हुए। अनुष्ठान के बाद विराट कोहली के परिवार ने भंडारा कर संतों को भोजन कराया। इसके साथ ही उन्होंने वस्त्र और दक्षिणा भेंट कर संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान आश्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया है। बता दें कि विराट कोहली अनुष्का शर्मा के साथ सोमवार को शीशमझाड़ी स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम पहुंचे थे। यहां विराट ने पत्नी और अपनी मां सरोज कोहली के साथ स्वामी दयानंद सरस्वती की समाधि स्थल के दर्शन किए। कोहली ने यहां 20 मिनट तक ध्यान भी लगाया था। सोमवार सुबह विराट कोहली परिवार के साथ ऋषिकेश से सटे यमकेश्वर क्षेत्र के एक जंगल रिजॉर्ट में पहुंचे थे। शाम को विराट कोहली, अनुष्का शर्मा और सरोज कोहली ने दयानंद आश्रम पहुंचकर अध्यक्ष स्वामी साक्षातकृतानंद का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विराट ने परिवार सहित आश्रम स्थित भगवान शिव के मंदिर में दर्शन और पूजा की। घाट पर सांध्यकालीन गंगा आरती भी की। शाम को कोहली ने परिवार के साथ आश्रम में ही रात्रि विश्राम कर सात्विक भोजन किया।

# बेईमान को ज्ञान नहीं,डंडा चाहिए

कोई ऐसा नहीं होता जो अपनी दृष्टि में सुख के विपरीत कोई काम करे। हाँ, दूर से आप देख कर कह सकते हैं कि ये आदमी बेवकूफी कर रहा है, ये जो करने जा रहा है उससे दुःख पाएगा।



लेकिन जो आदमी आपके दृष्टि में बेवकूफ है, अपनी दृष्टि में तो सुख की तरफ ही बढ़ रहा है। तो तुम भी अगर दूसरों से इस तरह उलझते हो, जब इन सब में सुख मानना छोड़ दोगे तो अपने-आप इससे मुक्त हो जाओगे। जब दिख जाएगा ये जो मजा ले रहे हो, इसमें मजा कुछ नहीं है, इसमें मौत है, इसमें जहर है, इसमें सजा है तो खुद छोड़ दोगे। देखो तो सही उस बात को। ये अपने चुनाव की चीजें होती हैं। तुम देख नहीं रहे हो, तुम्हें विधि नहीं चाहिए, तुम्हें डंडा चाहिए। तुम अँधे थोड़े ही हो, तुम बेईमान हो। जो अँधा हो उसका उपचार किया जा सकता है, उसको बैठा करके दवाई दी जा सकती है, उसकी सर्जरी की जा सकती है। लेकिन हजार में से नौ-सौ-निन्यान्वे लोग अगर देख नहीं रहे, तो इसीलिए नहीं वो नहीं देख रहे क्योंकि उनकी आँख में कुछ समस्या है, वो देख इसीलिए नहीं रहे हैं क्योंकि उनकी आँख नहीं नीयत खराब है। अब नीयत सुधारने के लिए कोई विधि नहीं होती ! बल्कि बदनीयती को छुपाने की हजार विधि होती हैं। अध्यात्म के नाम पर ये जो इतनी विधियाँ चलती हैं, ज्यादातर बदनीयती को छुपाने की विधियाँ हैं।यहाँ दवाई की नहीं ठुकाई की जरूरत है। दुनिया की सबसे बड़ी विधि है डंडा। हजार में से नो-सौ-निन्यानवे लोगों के लिए वही विधि है, डंडा। क्योंकि मामला ही खुल्ली बेईमानी का है। कोई आदमी सो रहा हो तो उसको प्यार से जगाया जाता है न? थोड़ा ख्याल किया जाता है कि ये सो रहा है, तो भई झटके से ना जगाओ, सिरदर्द वगैरह ना हो जाए, चौंक ना जाए। तो उसको जा करके धीरे से कंधे पर हाथ रखकर हिलाते-डुलाते हैं, उठ जाओ भई उठ जाओ, सुबह हो गई है। और उनका क्या करोगे, मक्कारों का, जो सात बजे से उठ चुके हैं, लेकिन अभी नौ बजे भी कभी दाईं आँख खोल कर देख लेते हैं, कभी बाईं आँख खोल कर देख लेते हैं ऐसो के लिए बस एक ही विधी होती है डंडा विधि जगे हुए को जगाने के लिए कौन सा ज्ञान दें? कोई ज्ञान नहीं काम आएगा। वाकई दुखी होते तुम तो तुम अपने दुःख छोड़ नहीं देते? तुम आकर कह देते हो कि इस चीज से बड़ा दुःख है, हकीकत ये है कि जिस चीज को तुम दुःख बताते हो, उसी चीज के तुम मजे मारते हो। अब बताओ कौन सी विधि , कौन सी क्रिया, कौन सी मुद्रा है ?दुःख पाने वाला आवश्यक नहीं है कि सहानुभूति का पात्र हो, ठीक उस तरह सुख लूटने वाला आवश्यक नहीं है कि घृणा का पात्र हो। आज सवाल करा न कि ष्अरे, दुनिया में जो लोग नाकाबिल हैं, वो भी नाजायज तरीकों से ताकत और सत्ता इकट्ठा करके सुख भोग रहे हैं।षदिख रहा है कि वो सुख भोग रहे हैं, अंदर की बात ये है कि उनको बराबर का दुःख मिल रहा है। तो फिर क्या बुरा मानें? वो तो वैसे ही दुखी है। ऊपर का सुख पा रहा है, अंदर का दुःख पा रहा है। ठीक उसी तरीके से ऊपर-ऊपर से जो दुखी दिख रहा है वो अंदर-ही-अंदर सुख लूट रहा है। तो अध्यात्म इसलिए नहीं है कि आपको दुःख से मुक्ति दे दे, अध्यात्म तब है जब दुःख-सुख के इस द्वंद्व से, इस खेल से, इस जोड़े से ही मुक्ति मिल जाय। जो लोग कहते हैं कि अध्यात्म इसीलिए है कि दुःख से मुक्ति मिल जाएगी। अध्यात्म उनके लिए है जो समझ गए हैं कि सुख-दुःख की छाया मात्र है। जिन्हें समझ में आ गया कि ये खेल ही गड़बड़ है, इसमें जीत भी गड़बड़ है हार भी गड़बड़ है, इसमें सुख भी गड़बड़ है दुःख भी गड़बड़ है, अध्यात्म उनके लिए है। अपने सुखों से सावधान रहो, दुःख अपने आप छँट जाएँगे।

**-आचार्य प्रशान्त,वेदांत मर्मज्ञ**




# राजस्व क्षेत्रों में खुले दो थाने और सात चौकियां

देहरादून। राजस्व पुलिस से हटाकर रेगुलर पुलिस में शामिल किए गए क्षेत्रों में थाने-चौकी खोलने का काम शुरू हो गया है। अब तक इन क्षेत्रों में दो थाने और सात चौकियां खोली जा चुकी हैं। स्टाफ तैनात कर काम भी शुरू कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को पत्र लिखकर थाने-चौकी खोलने और स्टाफ तैनात करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। 18 सितंबर को अंकिता हत्याकांड के बाद प्रदेश की एक सदी पुरानी पटवारी पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे थे। इस पर हाईकोर्ट ने अपने पुराने आदेश का हवाला देते हुए सरकार को राजस्व पुलिसिंग को समाप्त करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में क्रमबद्ध तरीके से राजस्व क्षेत्रों को रेगुलर पुलिस के हवाले किया जा रहा है। सबसे पहले उन क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जहां अपराध अधिक होता है और बाहर से आने वालों की संख्या अधिक है। जिन क्षेत्रों में निर्माण की गतिविधियां बढ़ी हैं, उन्हें भी इस सूची में शामिल किया गया है। कुल मिलाकर प्रदेश के सात हजार गांवों और कस्बों को नई व्यवस्था में लाने की तैयारी है। इसी क्रम में पिछले दिनों कैबिनेट में फैसला लिया गया था। प्रदेश के इन क्षेत्रों में छह थाने और 20 नई चौकियां खोली जानी थीं। इसके तहत अब काम शुरू कर दिया गया है। सबसे पहले पिछले दिनों देहरादून के चकराता थाना क्षेत्र में लाखामंडल चौकी खोली गई थी।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस को बांछित फरार 25 हजार ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जमानत के बाद आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ और पुलिस की चंगुल से बचने के छिपता रहा। इस पर पुलिस ने उस पर ईनाम घोषित किया। एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में बांछित, ईनामी बदमाशों की धरपकड़ की जा रही। रुद्रपुर क्षेत्र में एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल के पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट के नेतृत्व टीम भी धरपकड़ में जुटी। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर 2022 को चौकिंग के दौरान नदेली तिराहे के पास बरा पर जसविन्दर सिंह उर्फ



बिन्दर निवासी बिछुआ थाना नानकमत्ता,जसवन्त उर्फ जस्सू निवासी सलमता थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों ने चरस गुरूदेव सिंह निवासी बिछुआ थाना नानकमत्ता से खरीद कर लाने की बात कबूल की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार और फरार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। फरार गुरूदेव सिंह निवासी बिछुआ थाना नानकमत्ता घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था और अपने ठिकाने बदल रहा था। उन्होंने बताया कि गुरूदेव सिंह पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया। पुलिस ने उसे बिछुआ नानकमत्ता से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने टीम की कामयाबी के लिए पीठ थपथपाई। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई पवन जोशी,ललित चौधरी,महेन्द्र सिंह, फिरोज खान,चारू चन्द पन्त आदि शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**सात लाख तक की इनकम...**युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए, एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5% का ब्याज मिलेगा। वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत की जाएगी। गोबरधन स्कीम के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आवश्यक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थायी खाता संख्या रखने के लिए पैन का उपयोग निर्दिष्ट सरकारी एजेंसियों के सभी डिजिटल सिस्टम के लिए एक सामान्य पहचानकर्ता के रूप में किया जाएगा। ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में 35 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 20,700 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। पीएम आवास योजना के परिव्यय को 66% बढ़ाकर 79,000 करोड़ किया जा रहा है।भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की जाएगी। ये तीन अलग-अलग प्रमुख संस्थानों में स्थापित होंगे। कृषि, स्वास्थ्य और शहरी विकास के लिए यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। यह 2013-14 में दिए गए आवंटन से नौ गुना ज्यादा है। खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया है। 50 अतिरिक्त एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा सकता है। 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ सहस्थान में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। अगले तीन वर्षों में, सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी।

**धूमधाम से मना...**हुए कहा कि उनका हमेशा विकास के कार्यों ध्यान केंद्रित रहता है किंतु कुछ लोग मुझ पर विकास रोकने का आरोप लगा रहे है जो निराधार है । विधान सभा क्षेत्र मै विकास के कार्यों को मैं रुकने नही दूंगा। इस अवसर पर मुखरूप से पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, गौरव बेहड़ सौरव बेहड़,सतपाल गाबा मनोज गाबा दलीप सिंह बिस्ट, एन यू खान , हांजी सरवर यार खां, तोशीफ हुसैन अंसारी,ताहिर मालिक,धर्मेंद्र सिंधी,राजेशप्रताप सिंह,नगर अध्यक्ष चौधरी भूपेंदर सिंह,चंदन पांडे, बिना बेहड़,शाक्षी,मीनाक्षी,लाला यादव पूर्वा,अनिशा आदि लोग उपस्थित थे।

**खेल खेल में पिस्टल से...**लाया था, जिसे सभी बड़े उत्साह से देखकर खेल रहे थे। तभी वहां विष्णु भी आकर उनके साथ बैठ गया। सभी दोस्त आपस मे पिस्टल चेक कर रहे थे। इसी दौरान पिस्टल से एक के बाद एक जब लगातार फायर मिस होने लगे तो वहां मौजूद एक दोस्त ने पिस्टल अपने हाथ मे ले ली। चार फायर मिस कर चुकी पिस्टल का ट्रिगर दबते ही अचानक पांचवा फायर हो गया और पिस्टल की गोली सामने बैठे बिशु के जबड़े में जा घुसी। ये देखते ही पिस्टल लाने वाला और गोली चलाने वाला युवक मौके से भाग खड़े हुए। इधर, गोली की आवाज सुनते ही पास बैठे मनोज और विक्रम चीख पुकार मचा दी। आनन फानन में साथी विष्णु को एसटीएच लेकर पंहुचे। जहां उसका उपचार शुरू कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल हरेंद्र चौधरी भी पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद उन्होंने साथ आए गोकुल, मनोज, अर्जुन और विक्रम से घटना के बाबत पूंछताछ की। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि गोली विष्णु के जबड़े में फंसी है। जिसे ऑपरेशन के जरिये निकालने की कोशिश की जा रही है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन में जुट गई है।

**युवती की मौत...**संस्कार किया गया। सविता का आरोप है कि उसकी पुत्री ने उसे कई बार बताया था कि पवित्र अरूण जो कि ज्योति राय पत्नी अमित राय का भाई है और शक्तिफार्म में रहता है तथा अपनी बहन के यहाँ आता जाता रहता है। उसने उसकी पुत्री के साथ धोखे से फोटोग्राफ व वीडियो बना लिये थे। ज्योति राय एवं अमित राय की शह पर ही पवित्र अरूण उसकी पुत्री के साथ प्रेम प्रसंग की बात करता था। पुत्री ने कई बार ज्योति राय से अपने भाई को समझाने को कहा परन्तु ज्योति राय व अमित राय उसे धमकाते थे। सविता का कहना है पुत्री का विवाह उसने अन्य लड़के से तय कर दिया था। जिस पर पवित्र अरूण द्वारा उसकी पुत्री को धमकी दी जा रही थी कि तुम अपने परिवार के तय किये लड़के से विवाह मत करो अन्यथा तुम्हारे फोटोग्राफ व वीडियो वायरल कर दूंगा। जिससे लोक लाज की भय से पुत्री अन्दर ही अन्दर गुमसुम सी रहने लगी थी। उसी के भय व प्रताड़ित करने से उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**साक्ष्य के अभाव मे...** अभ्यस्थ मोटरसाइकिल चोर है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गण द्वारा तर्क दिया गया कि अभियोजन द्वारा दिए गए गवाहो में भारी विरोधाभास है मालखाना रजिस्टर आदि न्यायालय में पेश नहीं किया गया ।विद्वान न्यायाधीश सुवीर कुमार द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राम कुंवर चौहान एवं भास्कर त्यागी को सुना गया और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने के बाद अभियुक्त गणों को दोषमुक्त कर दिया।

**गायों से भरा...**गायों सहित ट्रक को कोतवाली लायाग या और पशु चिकित्सक को बुलाकर गायों का चेकअप किया गया। इनमें अधिकांश गायें दुधारू थी। पुलिस गायों को गौशाला भेजने की तैयारी कर रही है। कोतवाल ने बताया कि मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

**कांग्रेसियों ने ...**वसीम मियां, राहुल कुमार, शाकिर अली बब्बू, अब्दुल वहीद,कसान मलिक, हसन खान, तालिब सलमान, यूनुस मंसूरी, रफीक आदि मौजूद रहे।

73.32 **लाख की...**सड़कों के कारण बरसातों मै पानी भर जाने के कारण बच्चों, महिलाओं,को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसके तहत वार्ड नंबर 2वार्ड नंबर9 वार्ड नंबर18,वार्ड नंबर 19एवम वार्ड नंबर 8की अति आवश्यक सड़कों का निर्माण कराया गया है और। भी अन्य स्थानों मै अति आवश्यक कार्यों की रूप रेखा तैयार की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







# नई अनाज मंडी में आढ़तियों को आवंटित दुकानों के शिफ्टिंग में भ्रष्टाचार के आरोप लगाने से मचा घमासान

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष के रिश्वत के आरोप बेबुनियाद : हुड़िया

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस नगर अध्यक्ष द्वारा नई अनाज मंडी में आढ़तियों को आवंटित दुकानों के शिफ्टिंग के मामले में लगाये गये आरोपों से खलबली मच गयी है। इस मामले को लेकर नव नियुक्त भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य अशोक हुड़िया द्वारा सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों से वार्ता करते हुए सभी आरोपों को नकारा है। उन्होंने कहा कि अभी 80 दुकानों को निर्माण कार्य ही पूरा नहीं हो पाया है तभी दुकानों में शिफ्टिंग नहीं हो पाया है। हुड़िया ने मीडिया कर्मियों द्वारा सवाल पूछने से पहले कहा कि वह तीन चार दिन से भाजपा प्रदेश की बैठक में थे। उन्हें भाजपा प्रदेश संगठन कार्यकारिणी में सदस्य के रुप में जिम्मेदारी सौंपी गयी है।उन्होंने कहा कि प्रदेश से आने पर मुझे जानकारी मिली है इसलिए मेरे द्वारा सम्मानित मीडिया कमियों को बुलाया गया है। इसके उपरान्त मीडिया कर्मियों द्वारा सवालों की झड़ी लगायी गयी। हुड़िया ने सवालों का क्रम से जवाब देते हुए कहा कि गदरपुर की नई मंडी समिति निर्माण की घोषणा कांग्रेस के कार्यकाल में स्व. पं. नारायण दत्त तिवारी के द्वारा की गई थी । इसके उपरान्त भाजपा कार्यकाल में वर्तमान विधायक पूर्व में कैबिनेट मंत्री अरविन्द पांडेय के अथक प्रयासों से मंडी के निर्माण कार्य की धनराशि उपलब्ध करवायी गयी। हुड़िया ने बताया कि मंडी निर्माण में धन की कमी आने के कारण



पहले लाइसेंस आढ़तियों द्वारा 40 हजार रुपये की धनराशि दी गयी थी। जब मंडी समिति निर्माण के लिए पैसा स्वीकृत हो गया यह धनराशि भी लौटा दी गयी। हुड़िया ने कहा कि जो यह आरोप लगाये जा रहे है कि नई मंडी की दुकानों की शिफ्टिंग में आढ़तियों से धनराशि मांगी जा रही है। ऐसा कोई मामला नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुछ माह पूर्व 80 दुकानों का आवंटन किया गया था लेकिन उनमें से अभी करीब 72 दुकानें बनकर तैयार हो गयी है शेष 20 दुकानों का निर्माण भी जारी है। हुड़िया का कहना था कि आढ़ितयों की सहमति से यह भी निर्णय लिया गया था कि 80 दुकानों की एक साथ शिफ्टिंग की जाये। शेष दुकाने भी शीघ्र बनकर तैयार हो जायेगी उसके बाद शिफ्टिंग हो जायेगी। हुड़िया ने मीडिया कर्मियों के सवालों का जबाव देते हुए स्पष्ट रुप से कहा कि किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जायेगा तथा आढ़ती व्यापारियों को उत्पीड़न नहीं होगा। वहीं एक अन्य सवाल के बारे में भी स्पष्ट कहा कि मंडी यहां से जाने के बाद जो जिनके भवन है उसमें उनका अधिकार बरकरार रहेगा। किसी भी कीमत पर किसी भी विभाग को इस मामले में हस्ताक्षेप नहीं करने दिया जायेगा। वार्ता के दौरान मौजूद मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर ने कहा कि उनके पास किसी भी आढ़ती,व्यापारी की कोई शिकायत नहीं आयी है कि उनसे पैसा मांगा गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी आढ़ती व्यापारी से पैसा मांगा गया है तो वह लिखित रुप में दे। आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश घीक ने भी इन आरोपों को निराधार बताया है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुम्बर मिन्नी, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




# दस पेटी ई सिगरेट सहित दो गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 10 पेटी प्रतिबंधत ई सिगरेट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बगवाड़ा चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस टीम ने सोमवार रात स्कार्पियो संख्या जीआर 26डीएक्स 2419 में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर स्कार्पिओ को पकड़ने के लिए चेकिंग शुरू की। लालपुर की ओर से आ रहे उक्त वाहन रोककर देखा तो उसमें संतोष कुमार पुत्र राज किशन निवासी ग्राम सैलानी गोट थाना टनकपुर जनपद चंपावत और मदन सिंह पुत्र गुठल्ले सिंह निवासी सैलानी गेट थाना रामपुर जनपद चंपावत सवार थे। पिछली सीट पर बैठे मदन सिंह द्वारा वाहन में रखी गत्ते की पेटियों के ऊपर कम्बल डालकर छुपाने का प्रयास किया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसमें मेड इन चाइना की दस पेटी प्रतिबंधित ई सिगरेट(160 पैकेट) बरामद हुयी। बरामदा माल के संबंध में गिरफ्तार अभियुक्त गण ने बताया कि टनकपुर में दीपेन्द्र कार्की नामक व्यक्ति ने उन्हें यह सामान दिया था। कहा कि यह सामान मय वाहन के दिल्ली ले जाएंगे दिल्ली पहुंचने पर ठिकाने का पता बतायेगा। दीपेन्द्र के बारे में इसके अतिरिक्त कुछ नहीं जानते हैं।